“यदि कोई जीव प्रमादी अर्थात् मद, विषय, कषाय, निद्रा, विकथाके वश होकर ऐसा कार्य करता है, अपने या परके प्राणोंका ‘व्यपरोपण’ करनेमे प्रवृत्त होता है, तब वह हिंसक हिसाके दोषका भागी समझा जाता है। परन्तु प्रमाद छोड कर प्रवृत्ति करनेवालेके शरीरादिके निमित्तसे यदि किसी जीवका वध होजाय

तब वह उस दोषका भागी नहीं समझा जाता। क्योंकि इस लक्षणमें प्रमादका योग मुख्य रूपसे बताया है और अप्रमत्त अवस्थाका नाम 'अहिंसा' है।

इसके अतिरिक्त योग सूत्रके व्यास कृत भाष्यमे भी अहिंसाका लक्षण बाधते समय उन्होंने बताया है कि—सर्व्वदा सब प्रकारके जीवोंसे कभी द्रोहका न करना 'अहिंसा' है।

याज्ञवल्क्यस्मृतिमें–योगी जनोंने मनवचन काय से किसीको क्लेश न पहुंचाना 'अहिंसा' कहा है।

"अहिंसा, सत्यबोलना, परवस्तुको विना आज्ञा न लेना, आत्माको पवित्र बनाना, इन्द्रियोका वश करना, दान देना, दया करना, मनो विकारोंके प्रवाहको दमना, शान्त रहना, इन सबको धर्म साधन बताया है।"

यजुर्वेद–यहा भी यही उपदेश दिया है कि–"हे पुरुष! तू जगत् के किसी भी प्राणीकी हिंसा मत कर 'मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे, १८–३ अपनी आखोंसे सबको मित्रकी दृष्टिसे देख शत्रुकी सी दृष्टि किसी पर मत डाल।"

मनुका पांचवॉ अध्याय–"जो मनुष्य अपने कल्याणकी तो इच्छा प्रगट करता है परन्तु प्राण, भूत, जीवोंकी हिंसा कर डालता है, वह जीव अपनी इस जीवित दशामे और मर कर परलोकमें कभी भी सुख न पायगा।"

दशधर्म–"धैर्यरखना, शातिकरना, आत्माको पापसे विरक्त करना, चोरी न करना, आन्तरिक पवित्रता रखना, इन्द्रियोंको वशमे रखना, सत्य बोलना, क्रोध न करना, अहिंसाका पालन करना, इस प्रकार धर्मके दश लक्षण कहे हैं। जिनमें अहिंसाको भी स्थान प्राप्त है।"

महाभारत–"मै यह सत्य कहता हूं कि–सत्यवादियोंका धर्म अहिंसा है और यही सब धर्मोंमें प्रधान है, तथा हिंसा करना अधर्म और पाप है।"

अहिंसा वचनामृत–"अहिंसा परम धर्म है, अहिंसा उत्कृष्ट दमन है, अहिसा उत्कृष्ट दान है, अहिंसा प्रधान तप है, अहिंसा परम यज्ञ है, अहिंसा परम फल है, अहिंसा परम मित्र है, अहिसा उत्कृष्ट सुख है।"

"सब प्रकारके यज्ञोंमें अनेक प्रकारके दान करना, सब तीर्थोंमें अनेक स्तुतिएं गाना, सब दानोंका फल या परिणाम अहिंसासे बढ कर नहीं है। अर्थात् ये धर्म अहिंसाकी बराबरी नहीं कर सकते।"

नियमसार–"कुलस्थान, योनिस्थान, जीवसमासस्थान, मार्गणा स्थान इत्यादि भेदोको भलि भान्ति जान कर जीव रक्षा करनेके भावको 'अहिंसा' कहते है। जीवोकी मृत्यु होती है या नही इस प्रकारके विचारमे लगे हुए परिणामके सुधारके विना पाप हिसा रूप क्रियाका त्याग होना कठिन है, अतः इस रक्षाके प्रयत्नमे लगना 'अहिसा' है।"

समन्तभद्राचार्य कहते हैं कि–"जगत् मे इसे सव जानते है कि–अहिसा परब्रह्म स्वरूप है, अर्थात् आत्माकी वीतरागता ही अहिंसा है, जहा वीत-रागता है, वही आत्मा का शुद्ध स्वरूप है, जिस आश्रमके चरित्रमे अणुमात्र भी आरभ नही है वही यह पूर्ण अहिंसा प्राप्त होती है। आशय यह है कि आदर्श पुरुषोका सचरित्र रूप आचरण ही अहिसा है, अत अहिसाकी सिद्धिके लिए ही परम दयालु प्रभुने आरभ और परिग्रहको त्याग दिया। प्रभु विकार शील वेश और परिग्रहमे अनुरक्त नही थे। क्योकि जहा परिग्रहकी आसक्ति नहीं है वहा ही ऊंचे दर्जेका अहिसा धर्म है। 'जिनधर्म की जय' इसी लिए बोलते हैं कि–इसमे पूर्ण 'अहिसा' का पालन किया जाता है। यही त्रस जीवका घात करनेवाले विचारोको जड मूलसे हटानेका कारण है। तथा 'पच काय' रूप एकेन्द्रिय स्थावर जीवोके नाना प्रकारके होनेवाले वधसे वह बिलकुल दूर है और वह सुन्दर सुखसे भरपूर समुद्रके समान अगाध है।"

"मुनिओका कर्तव्य है कि वे सर्व्वथा अहिसाका पालन करे, क्योकि हिंसाका परिणाम दुःखजनक है, जिसे महापुरुषोने महान् अनुभवसे बताया है। जिनके ये वचनामृत है।"

"पैरसे लाचार है, शरीरकी चमडीको फोड कर कोढ वाहर टपकने लगा है, हाथ कटे हुए है, और भी अनेक रोगोसे ग्रस्त है। उसे देख कर समझ लेना चाहिए कि उन्हे यह दारुण दुःख अन्य प्राणियोकी हिसा करनेसे भुगतना पड़ा है अत चतुर पुरुषका यह कर्तव्य है कि–निरपराधजीवकी सङ्कल्पमात्रसे कभी 'हिसा' न करे।"

"सुगत् दुःखमे, अच्छे बुरेमे, युक्त अयुक्तमे, अपनी आत्माकी तरह अन्य आत्माओको समझ कर कभी किसीका हिसा रूप अनिष्ट नकरे।"

लोकोंका यह मन्तव्य है कि–"धर्मका सम्पूर्ण अग सुन कर तथा मनमे विवेक रख कर उसका निर्णय पूर्वक यह सार है कि जव मुझे अपने

प्रतिकूल कुछ अच्छा नहीं प्रतीत होता है, तब औरों को उनके प्रतिकूल आचरण कब इष्ट है।"

"सबको अपने प्राण ही प्रिय हैं, राज्य नहीं"–"प्राणी अपने प्राणोंकी रक्षाके लोभमें राज्य को भी तृणकी तरह छोड देता है। अत एव किसीके प्राणोंका नाश करनेसे जो पाप होता है, वह समस्त पृथ्वी दान कर देनेसे भी दूर नहीं होता।"

"मरनेवालेको चाहे राज्य भी प्रदान करो, या सुवर्ण का पहाड अर्प्पण करदो, परन्तु जीवनके सन्मुख वे वस्तुएँ उसे कुछ भी अच्छी नहीं लगतीं, इसी लिए वह उन सब को छोड कर जीवित रहनेकी 'अपील' करता है।"

पीड़ा–"जरासा काटा पैर में लग जाता है, मगर वह सारे अगो मे भारी पीडा उत्पन्न कर देता है, परन्तु जो निरपराध जीवोको तीक्ष्ण शस्त्रसे मौतके घाट उतार देता है, उस मरनेवालेके दु खका क्या ठिकाना है। उसे तो अवश्य अनिर्वचनीय वेदना होती है।"

"यह कहा की नीति है जो अशरण, निरपराध, दुर्वल प्राणी वलवान् के द्वारा मारा जाता है, हाय ! हमें तो कष्ट के साथ कहना पडता है कि–जगत् मे अराजकता छा गई है, अब यहा न्यायको कहा स्थान रह गया है।"

"यदि कोई किसीके कानोंको यह सुनादे कि तू मरजा ! तब सुननेवाला यह सुनते ही काप उठता है, शरीर भयभीत और दु खी हो जाता है। जो पैने और कठोर शस्त्रसे किसीको मारने लगता है तब उसकी क्या दशा होती होगी। उसके दु खका अनुभव सिवाय उसके भला और कौन कर सकता है।"

"हाथका कट जाना अच्छा है, बिना पैर रहना भी कुछ बुरा नहीं, मगर सम्पूर्ण शरीरके अगोंको पाकर हिंसा करनेवाला पुरुष सर्वथा निकम्मा है, अर्थात् वह किसी कामका नहीं है।'

मतलब साधने की हिंसा भी हानिकर है–"विघ्नकी शान्तिके लिए की गई हिंसा भी विघ्नके लिए ही होगी। बहुतसे यह कह डालते हैं कि–हमारे कुलका यही 'आचार' चला आता है, मगर वह कुछ कुलकी भलाईके लिए नहीं है, वह तो कुल नाश के लिए ही होगा, शान्तिके लिए नहीं। अपने वंशमें चली आनेवाली कुलक्रमागत हिंसाको जो भी प्राणी छोड कर शुद्ध हो

जाता है, वह काल सूर कसाईके पुत्र 'सुलस' की तरह सब मनुष्योंमें पवित्र और श्रेष्ठ गिना जाता है।"

"जो इन्द्रियोको तो वश रखना चाहता है, तथा देव और गुरु की आत्मीय सेवा करता है, यथा शक्य दान भी देता है, तत्वको पढ कर पढाता भी है, तप भी करता है, परन्तु जरासी भी हिंसाको यदि धर्म मान्यतासे कर देता है तब तो उपरोक्त सबकी सब क्रियाएँ निष्फल हैं, अत सिद्ध हुआकि धर्मके नाम पर की गई हिंसा भयंकर पापकारिणी है।"

"जिस शास्त्रमें धर्मका नाम लेकर हिंसा करनेका उपदेश किया हो वह शास्त्र न होकर कुशास्त्र समझा जाना चाहिए अर्थात् वह शस्त्र है शास्त्र नही।"

"यह कितना आश्चर्य है कि–मनुष्य तक को मार देनेवाले, लोभान्ध होकर पथ भ्रष्ट होजाने वाले, हिसा विधायक शास्त्र बनाकर, तथा पाप करनेका उपदेश देकर, लोकोंको मूर्ख बना रहे हैं, अन्ध विश्वासी बनाकर मानो नरकके कूडेमें डाल रहे हैं।"

अहिंसाका माहात्म्य–"अहिंसा माता की तरह सबकी पालिका और हितकारिणी है। अहिसा ही शत्रुओके मनमें अमृतका सचार करनेवाली है। अहिंसा दु खरूपी दवानलको बुझानेमें अमोघ और प्रधान मेघ है, ससार भ्रमणा यानी जन्म मरणके रोगसे पीडितोंके लिए तो आरोग्यता देनेमें समर्थ 'औषधि' है।"

अहिंसाका फल–"लम्बी आयु, स्वच्छ और सुन्दर रूप, नीरोगता, ससारमें निर्मल यश कीर्ति, इत्यादि सामग्रिएँ अहिंसा पालन करनेके उपलक्षमें ही तो मिली हैं। अधिक क्या कहा जाय अहिंसा सब मनोरथ पूर्ण करनेवाली है।"

किसीने ठीक ही कहा है कि–"पहाडोंमें सुमेरु, अमृत पीने वालोंमें देवता, मनुष्योंमें चक्रवर्ती, ज्योतिष् चक्रमें चाद, ठंढी छाया देनेवालोंमे फलदार वृक्ष, ग्रहोंमे सूर्य, जलाशयोंमे समुद्र, सुर–असुर–मनुष्य तथा चक्रवर्तियोंमें वीत-राग के पदकी तरह सब व्रतोंमे 'अहिसा' को सबमें बडप्पन तथा प्रधानता प्राप्त है। अर्थात् इससे बढ कर और बडा व्रत क्या हो सकता है।"

निष्कर्ष–इन सब शास्त्रोंका मीलान करनेसे यह स्वयं सिद्ध हो जाता है कि–हिंसा सब शास्त्रोंमे वर्जित है; जैनोंने तो इसका नाम प्राणातिपात कहा है,

जिस का आशय यह होता है कि-किसी के एक-प्राणको भी निरर्थक न दुखाना चाहिए। साधु मुनिराज इसका सम्पूर्ण अग पालन करते है। और गृहस्थ जन इसका एक भाग ही निभा सकते हैं क्योंकि सबको अपना जीवन सब वस्तुओं से अधिक प्रिय है।

जैसे कहा है कि-"यदि मरनेवालेको यह कहा जाय कि-तुम सोनेके 'एक क्रोड सिक्के' लेकर हमे अपनी जान मारनेकेलिए कहदो, तब वह धनके ढेरको छोडकर जीवित रहनेकी आशा प्रगट करेगा। क्योंकि जान देदेनेपर उसकेलिए धन किस कामका है। अत सबको अपना जीवन प्रिय है। इस लिए सब दानोंमे अभय दान श्रेष्ठ है।"

अभयदान पर उदाहरण-"अरिदमन वसन्तपुरका राजा है, वह अपनी चार रानियोंसे नित्य रग रलिया करता है। एक दिन उन रानिओंने गाना, बजाना, नाचना आरभ किया, राजा उनकी गान्धर्व विद्या पर लट्टू होगया और बोला कि आज तुम जो कुछ मागोगी वही दूंगा। रानिओंने कहा कि इस समय तो हमे किसी वस्तुकी आवश्यकता नहीं है, कालान्तरमे माग लेंगी, अब हमारा वर अपने पास जमा कर लीजिए, राजाने कहा अच्छा।"

एक वार रानियोंने एक चोरको देखा कि जिसे लाल कपडे, और जूतोंका हार पहिना कर वध्य भूमि ले जाया जा रहा है। रानियोंके साथ राजा भी महल पर टहल रहा था, देखकर उन्होंने पूछा कि प्राणनाथ! इसने क्या अपराध किया है। राजाने उसी समय एक सिपाहीको बुलाकर पुछवाया, उसने कहा कि पृथ्वीनाथ! इसने चोरी जैसा अकार्य करके राज और धर्मके विरुद्ध कार्य किया है, अत. आपनेही तो इसको 'प्राणदड' पानेकी आज्ञा दी है।

यह सुनकर उनमे से एक रानी ने कहा कि प्राणवल्लभ! आप मेरा 'वर' यह दे कि इसे एक दिनके लिये न मारें जिससे मे इस पर कुछ उपकार कर सकू। राजाने कहा "तथास्तु"

रानीने उसे महलमे लिवा कर कहा तुझे आजके लिए बचा दिया है, अतः आज खा पी और मौज कर। यह कह उसका खूब अन्न और वस्त्रसे स्वागत किया, सवेरा होने पर उसे एक हजार दीनार देकर अपने महलसे विदाकर दिया।

इसी प्रकार दूसरी और तीसरी रानीने भी एक एक दिन रक्खा और क्रमसे एक लाख और एक क्रोड सोनेके सिक्कोंका पारितोषिक दिया।

मगर चौथी रानीने उसे कुछ भी न देकर उसका वह प्राणदंड का अपराध राजासे कह कर क्षमा करा दिया। तव यह सुन उन तीनोंने कहा कि इसे तूने क्या दिया है? चौथी रानीने कहा कि मैंने इसे वह वस्तु दी है, जिसे तुम सब मिल कर स्वप्नमे भी नहीं दे सकीं। यह सुनकर वे सब क्रुद्ध होकर उसके गले पड गई और वोलीं कि हमने तो उसे क्रोडपति बनादिया है और तुम कहती हो कि हमने इसपर तुनके जितना उपकार भी नहीं किया। चौथीने कहा कि धनसे भी अधिक सवको अपने प्राण प्यारे होते हैं। मैंने इसे प्राणदान दिलवाकर सदाके लिए सुखी वना दिया है। अव इसे मरनेका भय नहीं है जिससे मैंने सबसे बडा उपकारका कार्य किया है। यदि मेरे कहेका विश्वास न हो तो राजासे इसका न्याय कराना चाहिए। इतना कहनेके बाद राजाको तुरन्त महलमें बुलवाया गया, और रानियोंका वह मुकदमा सुन कर राजाने चोरको बुलाया और पूछा कि भाई! सत्य कह तू किस रानीका अधिक उपकार मानता है।

उसने नम्रतासे सिर झुका कर कहा कि-यो तो सबने मुझ पर भारी उपकार किया है, मगर चौथी रानीका सबसे अधिक उपकार मानता हू, क्योंकि उसने अभयदान दिलवाया है। तीनो रानियोंने क्रोडोका धन भी दिया और एक एक दिन मरनेसे भी बचाया मगर मुझे तो सदैव यही भय बना रहता था कि धनका क्या करूंगा जब कि कल मर जाना है। मगर चौथी रानीने मुझे उसी मौतके सकटसे उबारा है। अबमे यावज्जीवन पर्य्यन्तके लिए निर्भय हू। अतः इस उपकारको अपने तनका पुरस्कार देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। क्योंकि सब दानोमे अभयदान प्रधानतम है।

सर्वोच्च भाषा सत्य है-इसी प्रकार सत्य वचनोंमे निरवद्य, पापरहित, दूसरेकी पीडाको हटानेवाली भाषा सर्व्वोत्तम है। क्योंकि काना, नपुंसक, रोगी, चोरादिके नामसे पुकारनेपर भी उसके मनको आघात पहुंचता है।

मनुका मत-"सत्य, प्रिय, और अन्यके मनके अनुकूल वचन बोलो, असत्य और अप्रिय सत्य कभी मत बोलो।"

असत्य-असत् शब्दके तीन अर्थ है, सद्भावका प्रतिषेध, और अर्थान्तर तथा गर्हानिन्दा। वस्तुके स्वरूपका अपलाप करनेको सद्भावका प्रतिषेध कहते है। यह दो प्रकारका है। सद्भूत पदार्थका निषेध-तथा असद्भूत पदार्थका

निरूपण। जैसे "नास्ति आत्मा" आत्मा कोई स्वतन्त्र पदार्थ नहीं हैं, अथवा "नास्ति परलोक", परलोक–मरणके वाद जीवका अन्य भव धारण करना वास्तविक नहीं है। इत्यादिक भूतनिन्हव है। क्योंकि इससे सद्भूत पदार्थका अपलाप होता है। आत्माका परलोकमे भवान्तर धारण करना वास्तविक सिद्ध पदार्थ है। युक्तियुक्त और अनुभवगम्य है। इसका निषेध करना सद्भूतका अपलापनामक मिथ्या वचन है। आत्माको श्यामाकतण्डुल-सामकके चावल की तरह छोटे प्रमाणमे वताना, अथवा अगूठेके पोरवे के वरावर समझना, या यह कहना कि-आदित्य वर्ण है, निष्क्रिय है, इत्यादि सव वचन अभूतोद्भावन नामक असत्य वचन हैं। क्योंकि इस तरहके वचनो द्वारा आत्माका जो वास्तविक स्वरूप नही है, उसका उल्लेख किया जाता है।

अर्थान्तर शब्दका अर्थ है भिन्न अर्थको सूचित करना, जो पदार्थ है उसको दूसरा पदार्थ ही वताना-वास्तविक न कहना अर्थान्तर है। जैसे कोई गौको कहे कि यह घोडा है, अथवा घोडेको कहे कि यह गौ है, इस तरह के वचनको अर्थान्तर नामक असत्य कहते है।

गर्हा नाम निन्दा करनेका है, अत जितने भी निन्द्य वचन है वे सव गर्हित नामके असत्य वचन समझने चाहिए। जैसे कि–'इसको मार डालो' या 'मरजा' 'इसे कसाईको देदो,' इत्यादि हिंसा विधायक वचन वोलना, तथा मर्म-भेदी–मन दुखानेवाले अपशब्द कहना, गाली देना, कठोर वचन कहना, परुष-रूक्ष शब्दोका प्रयोग करना, एवं पैशून्य किसी की चुगली करना, आदि गर्हित वचन कहलाते है। यदि वे गर्हित वाक्य कदापि सत्य भी हों तथापि असत्य माने जाते है। क्योंकि वे निन्द्य है। तथा प्रमादयुक्त जीवके वचन भी असत्य समझे जाते है। प्रमाद पूर्वक कहे जाने वाले वचन असत्य होते है। और प्रमाद को छोडकर कहे गए असत्य वचन भी सत्य हो सकते है, जैसे किसी रोगी वालकको पताशेमे दवा रख कर देते है और कहते हैं कि-ले यह पताशा है।

सत् शब्दके दो अर्थ होते है, विद्यमान और प्रशसा। अत एव असत् शब्दसे अविद्यमान और अप्रशस्तता ये दोनो ही अर्थ लेने चाहिए। सद्भूत निन्हव असद्भूतोद्भावन और अर्थान्तर ये अविद्यमान अर्थको सूचित करनेवाले होनेसे असत्य हैं। और जो गर्हित वचन है वे अप्रशस्त होनेसे असत्य हैं, तथा प्रमादका सम्बन्ध भी दोनो ही स्थानो पर पाया जाता है।

इसके अतिरिक्त असत्य की विवक्षा होने पर कषाय असत्य निमित्त बन जाता है, कषायका उदय आनेपर असत्यका प्रयोग अवश्य किया जाता है। अत. क्रोध-लोभ-मान-राग-द्वेष-मोहादिके कारणसे असत्य बोलनेका त्याग करना सत्याणुव्रत कहलाता है।

हंसीमे, कठोर शब्द का प्रयोग करते समय, चुगली करते समय, अप्रशस्त वचन कहते समय, झूठा वाक्य कहना अनिवार्य हो जाता है, और देहधारीको आत्म स्थिति उस समय प्राप्त होती है जब दूसरा अणुव्रत स्वीकार कर लिया जा सके।

कीसी ने कहा है कि—जिसे मूढता के कारण धर्म के नामसे पुकारता है, और जो म्लेच्छोंमे भी निन्द्य समझा जाता है, उस असत्य को मन, वचन–कायसे त्याग देना ही उचित है, यदि हितको अपनानेकी अभिलाषा है तो असत्य न कह कर मौनको स्वीकार करले। क्योंकि इतने स्थानों पर सब मौन भाव भजते है,

जैसे–"प्रतिक्रमण करते समय, मलमूत्र त्यागते वक्त, पापके कार्यको छोडते समय, निरन्तर मौन रख लेवे, क्योंकि मौन कर लेनेसे वाणीके दोषोंका नाश हो जाता है।" 'मौनसे क्लेश नष्ट होता है, सन्तोष भाव जागृत हो जाता है, वैराग्यका प्रदर्शन होता है, सयमकी पुष्टि हो जाती है।' 'जिह्वाके स्वाद छोडनेसे ही तपकी वृद्धि होती है। अभिमानकी रक्षा होजाती है, समता आनेसे मनकी सिद्धि हो जाती है।' 'वाणी मनोरमा बनजाती है, आदेय होकर प्रशंसा पात्र बन जाता है, मौन रखने वालेके चरणयुगल वन्दनीय होते हैं। परन्तु मौन देश और कालको विचार कर करना चाहिए। यदि कहीं बोलनेसे ससारको सद्बोध और चरित्रका लाभ हो तो वहा चुप न रहना चाहिए। मगर वाणी सदा सत्यवती होनी चाहिए।'

गृहस्थके लिए त्याज्य असत्य क्या है? "गृहस्थ को कन्या, पशु, पृथ्वी, के सम्बन्धमे असत्य कुछ भी न कहना चाहिए, न ही उसे कभी झूठी गवाही देनी चाहिए, कभी किसी की थापन-यानी धरोहर मार कर उसे कोरा जवाब न देना चाहिए, इन पाच बातोंको ध्यानमे रखने वाला सत्याणुव्रती है। यदि अपने या अन्यके ऊपर सत्य कहनेसे आपत्ति आ सकती हो तो उस समय सत्य न कह कर मौन कर लेना उचित है।"

"और जो साधु-सज्जन पुरुष राग, द्वेष और मोहसे असत्य बोलनेके परिणामको जब छोडता है, तब ही दूसरा सत्याणुव्रत होता है, क्योंकि असत्य बोलनेका भाव सत्य भावसे विपरित होता है, और यह असत्य भाव राग भावसे, द्वेष भावसे और मोह भावसे जीवमे पैदा होता है, अर्थात् यह मनुष्य इष्ट पदार्थोंमे व विषयोमे राग द्वारा उनकी प्राप्ति और रक्षाके लिए असत्य कहता है, वह अनिष्ट पदार्थोंमे वा विषयोंमें द्वेषपूर्वक उनके दूर होनेके लिए या उनका सम्बन्ध न पानेके लिए असत्य कहता है, अथवा मिथ्या बुद्धिसे ससारमे मोहके कारण उस मिथ्या भावकी रक्षाके अर्थ असत्य बोलता है, जो कोई निकट भव्य जीव साधु पुरुष इस प्रकारके असत्य बोलनेके परिणामोंको त्याग देता है उसी मे सत्य व्रतकी योग्यता आती है।"

"जो सत्यभावके रगमे रंग कर प्रगटमे सत्यका व्यवहार करता है वह सज्जनोंद्वारा आदरणीय होता है, यह बात इस लिए सर्व्वथा सत्य है कि सत्य से बढ कर अन्य दूसरा कोई व्रत नहीं।"

असत्य बोलने का निकृष्ट परिणाम–"झूठ बोलनेवाला गूंगा बनता है, या उसे मूकगति का जीव बनना पडता है। वह स्पष्ट नहीं बोल सकता। किसीको उसकी सुन्दर सम्मति भी प्रिय नहीं लगती। मुखरोगसे पीडित रहता है। ये सब झूठ बोलनेके दुष्परिणाम जान कर कन्यादिके विषयमे असत्य कभी न बोलना चाहिए।" "झूठ बोलने वाले, मूर्ख, विकलाग, वाणीहीन रह जाते हैं। उनकी बातें सुन कर लोकों को घृणा हो उठती है। और उनके मुखसे दुर्गंध आया करती है।" "जो सर्वलोक से विरुद्ध है, जिस वाणीसे विश्वासघात हो जाता है, जो पुण्यका प्रतिपक्षी है वह ऐसा वाक्य कभी न कहे।" "जो झूठ बोलता है उसमें तुच्छता आजाती है, अपने आपको ठग लेता है, अधोगतिगामी होता है, अतः झूठ वर्जनीय है।" "झूठ प्रमादसे भी न बोलना चाहिए, क्योंकि कल्याणकार्यरूपी वृक्ष असत्यकी आंधीसे गिर जाते हैं।" "भूत, भविष्यत्, वर्तमानकी बातोंको यदि पूर्णतया न जानता हो तो न कहे, कि इस तरह होगा।" "तीनों कालकी बातोंमें शका हो तो उसे न कहे।" "यदि तीनों कालकी बाते बिलकुल निश्शंक हैं तब उन्हें लोगोंमें उपदेशके रूपमे सुना सकता है।" "असत्य बोलनेसे वैर विरोध बढ जाते हैं, पोल खुल जाने पर पछतावा होता है,

कोई उस पर विश्वास नहीं करता, वदनाम मुफ्तमें हो जाता है। कुपथ्य करनेकी तरह न जाने क्या २ दुःख–दोप झूठे मनुष्यमें वढ जाते है।" "झूठ वोलने वाला नरक, निगोद, और पशु योनिमे जन्म लेकर मरता रहता है।" "थोडा सा असत्यका प्रयोग करनेवाला भी नरकमे उत्पन्न होता है।"

"ज्ञानिओंने ज्ञान और चरित्रका मूल तो सत्य ही वताया है, सत्यवादीके पैरोंकी धूलिसे पृथ्वी पवित्र हो जाती है।" "जो सदा सत्य वोलते हैं उनका भूत, प्रेत, सर्प, सिंह आदि कुछ भी नहीं विगाड सकते,।" "सिर मुंडा कर, जटा रखा कर, नग्न रह कर, कपडे पहिन कर या तपको तप कर भी जो असत्य वोलता है तव तो उसे अछूतसे भी वढ कर निन्द्य समझना चाहिए।" "एक तरफ तो असत्यका पाप है, दूसरी ओर ससारके सव पाप हैं, यदि इन दोनों पापोंको तोला भी जाय तो असत्यका पाप वढ निकलेगा।" "डाकुओं और व्यभिचारिओंके पापका प्रायश्चित हो सकता है, परन्तु असत्यवादीका प्रतिकार नहीं।" "सत्यवादीका देवोंको भी पक्ष होता है, राजा भी उस पर शासन नहीं चला सकता, उन पर अग्निका उपद्रव नहीं होने पाता, क्योंकि सत्यकी महिमा अपार है।"

"सत्यका संसार भरके योगियोंने खूव ही गायन किया है, जिसमें शुभचन्द्राचार्यके कुछ वचनामृत आपके पठनार्थ सामने रखते हैं। उन्होंने कहा है कि–"जो सयमी मुनि धीरज रख कर सयमकी रक्षा या मुनि दीक्षाकी धुराको धारण करता है, वह मुनि वचनके जंगलमे सत्य रूपी वृक्षका आरोप करता है।" "यमनियमादिव्रतोंका समूह एक मात्र अहिंसाकी रक्षाके लिए कहा है, अहिंसा व्रत यदि असत्यसे दूषित होतो वह ऊंचे पदको कभी भी नहीं पासकता। असत्य वचनके होनेसे अहिंसाका प्रतिपालन अशक्य है।"

"जो वचन जीवोंका इष्ट हित करनेवाला हो तो वह असत्य भी सत्य है। और जो वचन पाप सहित हिंसारूप कार्यको पुष्ट करता है वह सत्य भी असत्य है और निन्द्य भी है।" "जो मुनि अनेक जन्मके उत्पन्न दुखोंकी शान्तिके लिए तपश्चरण करता है वह निरन्तर सत्यही वोलता है, क्योंकि असत्यवचन वोलनेसे मुनित्वका होना असम्भव है।" "जो वचन सत्य हो, करुणासे भरपूर हो, किसीके विरुद्ध न हो, आकुलता रहित हो, असभ्य या

गर्वारू भाषामें न हो तथा–ग्राम्य नाम इन्द्रियोंका भी होता है यानी इन्द्रियोंके विकारोंको पुष्टकर वचन न हो, गौरवका वढानेवाला हो, जिसमें किसीका हलकापन न वताया गया हो, वही वचन शास्त्रमें प्रशंसनीय है।"

निरन्तर-मौन करना भी पुरुषों के कल्याण के लिए है–

"यदि वोलनेका काम पडे तो सत्य और प्रिय तथा सव जीवोंके कल्याणके लिए वोलना चाहिए।" "मगर दुष्ट चरित्रीके मुखकी वावीमें वडी भारी असत्य-वाणीकी सापनी रहती है, जो जगत् भरको दुःखी कर देती है।" "जिस वातके सत्य होनेमें सन्देह है, पर पाप रूप भी अवश्य है, और दोषोंसे युक्त है, एवं ईर्ष्याको वढानेवाली है, वह अन्यके पूछने पर भी न कहे।" "किसीका मर्म दुःखानेवाला, मनमें घाव करनेवाला, स्थिरताका नाश करने-वाला, विरोध खडा करनेवाला, तथा दया रहित वचन कण्ठमें प्राण आनेपर भी न कहे।" "जहा धर्मका नाश होता हो, चारित्रको धक्का पहुँचता हो, देशकी स्वतन्त्रता नष्ट होती हो, समीचीन सिद्धान्तका लोप होता हो, उस जगह देश, धर्म और जातिके उत्थानके लिए विना पूछे भी विद्वानोंको अवश्य वोलना चाहिए। उस समय चुप चाप खडे २ तमाशा देखना सत्पुरुषोंका कार्य नहीं है।" "जो वाणी लोकोंके कानोंमें पुनः पुनः पड कर जहर उगलती है, जीवोंको मोहरूप कर डालती है। सन्मार्गको भुला देती है, वह वाणी न होकर एक सापनी जैसी है, जिसके सुनते ही प्राणी उत्तम मार्गको छोडकर कुमार्गमें पड जाते हैं।" "कानोंको जितना सुख मनोहर वाणी देती है, उतना सुख चन्दन, चन्द्रमा, चन्द्रमणि, मोती, मालती, आदि शीतल पदार्थ नहीं दे सकते।"

"अग्निसे जला हुआ वन तो किसी समय हरा भरा हो जाता है, परन्तु जिव्हारूपी आगसे पीडित होकर लोक कभी नहीं पनपता।" "जो सच वोलते हैं, तत्वके असली स्वरूपको समझ सके हैं, जिनको सत्य और शीलका ही अवलम्बन है, उनके पैरो से पृथ्वी पवित्र हो जाती है और वही लोक उत्तम है। जो असत्य वोलते हैं वे ही नीच होवे हैं।" "जो नीच पुरुष मनुष्यजन्म पाकर भी सत्यकी प्रतिज्ञासे रहित है, वह ससार रूपी कीचडसे और क्या करनेसे पार हो सकेगा?" "जिनके हाथ नाक कान कटे हो, रूप रग नामको

भी न हो, दरिद्री और रोगी हो, कुल, जाति, वर्णसे हीन हो, तब क्या हुआ उनका भूषण सत्य है, सत्यसे पवित्र और सुखी हैं। उनकी शोभा सत्यसे है।" "जो पुरुष असत्यसे मलिन हैं, उनके साथ पाप रूपी कालिमाके भयसे कोई भी धर्मज्ञ पुरुष सपनेमें भी उसका साक्षात्कार नहीं करता।" "झूठेकी सगतिसे सच्चेको भी कलंक लेना पडता है।" "पुत्र, स्वजन, स्त्री, धन और मित्रोंके जाने या विमुख होने पर अथवा प्राण जाने पर भी झूंठ नहीं बोलना चाहिए।"

इत्यादि वचनामृतोंको पीकर जो पाप रहित और श्रेष्ठ सत्य बोलता है, वही जगत्‌मे प्रधानपुरुष है।

सत्यकी तरह सब प्रकारके तपोंमे अर्थात् जिन तपोंमे इच्छाओंका रोकना अनिवार्य है वे तप १२ प्रकारके कहलाते हैं, उनमे उत्तम और नव विध ब्रह्म गुप्तिसे गुप्त किया गया ब्रह्मचर्य नामक तप उत्तम है।

सुन्दर स्त्रियोंके मनोहर अगोंको देख कर उनसे क्रीडा करनेकी जिसके चित्तमें इच्छा खडी होती है उसको त्याग देनेसे अथवा वेद नामक नोकषायके तीव्र उदयसे मैथुन सेवनकी इच्छाका त्यागना ब्रह्मचर्यव्रत है, उसे स्पष्ट करनेके लिए सत्पुरुष कहते हैं कि हे कामी पुरुष,! अनुपम सहज, परम तत्वरूप, निजस्वरूपको छोड कर अति सुन्दर स्त्रियोंकी शरीर आदि विभूतिको मनमें क्यों याद करता है, और उनके मोहमे किस लिए फँसा पडता है।

अब्रह्मचर्य्य के दोष—स्त्री सम्भोगसे सन्ताप पैदा होता है, पित्तको बढाता है, काम ज्वर फैल जाता है, हिताहितको नशाकर मोहको बढाता है। शरीर नि:सत्व होता है। तृष्णामें जकडा जाता है, अतः कामेच्छामे और ज्वरमें कुछ भी अन्तर नहीं रह जाता। और इन दोषोंको जान कर भी यदि कोई सर्व्वथा शीलका पालन न कर सके तो गृहस्थका कर्तव्य है कि विवाहित पत्निमें अवश्य सन्तोष पैदा करे। क्योंकि इस प्रतिज्ञामे भी अनेक तरह की इच्छाओंका मर्दन कर देता है।

कहा भी है कि—अपनी स्त्री मात्रमे सन्तोष करनेके अनन्तर जो अन्य स्त्री मात्रकी कभी इच्छा तक भी नहीं करता है, उसमे भी सुदर्शन शेठ की तरह अद्भुत प्रभाव पैदा हो जाता है, तब ब्रह्मचारीके प्रभावकी प्रशंसा क्यों कर की जासकती है, क्योकि वह तो अवर्ण्य है।

इसी भांति स्त्रीका भी परमधर्म है कि-पर पुरुष चाहे रूपमें, ऐश्वर्य्यमें, कलामें कितना भी बढा चढा क्यों न हो, उसे जहरका पुतला समझ कर त्याग देना चाहिए जिस प्रकार सीताने रावणको छोड दिया था । वही स्त्री देवोंसे पूजित होती है जिसने मैथुनके विकार को जीता है ।

मैथुन नाम जोडे का है, प्रकृतिमे स्त्री पुरुषका ही जोडा समझा जाता है, दोनोंका परस्पर सयोग या सभोगके लिए जो भावविशेष उत्पन्न होता है अथवा दोनों मिलकर जो सभोग किया करते हैं उसको मैथुन कहते हैं, और उस मैथुनको 'अब्रह्म' कहते हैं । इसमे भी प्रमत्तयोगका सम्बन्ध है, क्योंकि उस अभिप्रायसे जो भी किया की जायगी, फिर चाहे वह परस्पर दो पुरुष या दो स्त्री ही मिल कर क्यों न करें, अथवा अनंग क्रीडा आदि ही क्यों न हो वह सब अब्रह्म है, और जो प्रमादको छोडकर किया करते हैं उसको मैथुन नहीं कहते । जैसे कि पिता भाई आदि पुत्री भगिनि आदिको जब गोदमे लेकर प्यार करते है तब वह अब्रह्म नहीं कहला सकता, क्योंकि उनमे 'प्रमत्तयोग' नहीं है । इस प्रमत्तयोगकी यदि एक अशमे निवृत्ति की जाय तो वह ब्रह्मचर्याणुव्रत कहलाता है । जैसे कहा है—

"माता बहन बेटीकी तरह परस्त्रीको जानता हुआ जो अपनी विवाहिता स्त्रीमें ही सन्तोष करता है, वह चौथा अणुव्रत कहलाता है ।" "उत्तम पुरुष परस्त्रीको व्याधि और दुखके समान समझ कर दूरसे ही छोड देते हैं, क्योंकि परस्त्री सदैव दु खोंका घर है, और सुखोंका नाश करनेके लिए प्रलयकी आग जैसी सिद्ध हुई है ।" "जो स्त्री अपने पतिको छोड कर परपुरुषमे रमण करने चली जाती है, उसे परले सिरेकी निर्लज्ज समझना चाहिए । जब इस आचरणसे अपनी स्त्रीका भी विश्वास नहीं है तब परस्त्रीका किस बात पर विश्वास किया जा सकता है ।" "परस्त्रीका सेवन करके पुरुष क्या सुख पाता है । केवल नरक निगोदमें रुलनेके अतिरिक्त और कुछ नहीं । अत मनुष्योंको 'ब्रह्मचर्य्य' व्रतका पालन करना चाहिए ।" "इस व्रतका आश्रय-लेकर योगीजन परब्रह्म परमात्माका और अपना स्वरूप अभेदरूपसे जान लेते है । उसीका अनुभव करते हैं, और इसे धीर वीर पुरुष ही धारण करनेमें समर्थ हैं । अल्पसत्त्वाले, शीलरहित, इन्द्रियोंके दास, दुर्बल पुरुषतो इसका स्वप्नमें भी समाचरण नहीं करसकते, क्योंकि यह ब्रह्मचर्य्य असिधारा महाव्रत है ।"

"इन तीनों भुवनोंमे ब्रह्मचर्य्य नामक व्रत ही प्रशसनीय है, जो इसे निर्मलभावोंसे पालते हैं वे पूज्य पुरुषों द्वारा भी पूजित होते हैं ।" "जो ब्रह्मचर्य पालनमे अनुरक्त रहते हैं वे दश प्रकारके मैथुनोंका सर्वथा त्याग कर देते है ।" जैसे—

(१) शरीरका सस्कार–शृंगारादिकरना । (२) पुष्ट रसका सेवन करना । (३) गाना-वजाना-देखना-सुनना । (४) स्त्रीका ससर्ग करना । (५) स्त्रीमे किसी प्रकारका सकल्प–विचार करना । (६) स्त्रीके अग उपागोको देखना । (७) उसे देखनेका सस्कार वनाए रखना । (८) पूर्व्व कृत भोगोंका पुनः स्मरण करना (९) अगाडीके लिए भोगनेकी चिन्तवना करनी । (१०) शुक्र (वीर्य)का क्षरण कर देना ।

ये दश भेद मैथुनके हैं, ब्रह्मचारीके लिए ये सर्व्वथा त्याज्य है ।

"जिस प्रकार किम्पाकफल (इन्द्रायण फल) देखने सूघनेमे रमणीय है परन्तु विपाक होनेसे तो हलाहल विषका काम कर डालता है । इसी भान्ति यह मैथुन भी कुछ काल पर्य्यन्त रमणीक और सुन्दर तथा सुखदायक प्रतीत होते हैं, परन्तु विपाक समय यानी अन्त समयमे वहुत ही भयप्रद प्रतीत होते हैं ।" "जो पुरुष काम और भोगोंमे विरक्त होकर सदा ब्रह्मचर्यका सेवन करते हैं उनको भावशुद्धिके लिए दश प्रकारका मैथुन त्याग देना चाहिए । क्योंकी इन दोषोके त्यागे विना भावोंमे निर्मलता नही आती । उत्तम भाव–ही कामके वेगको रोक सकता है ।"

कहा भी है कि–"सर्पसे डसे गए प्राणीके सात वेग होते हैं, परन्तु कामरूपी सर्पके द्वारा डसे गए जीवोंके दश भयानक और वडे वेग होते हैं, वे ये है ।"

कामके उद्दीपनसे पहले पहल चिन्तामे घिर जाता है कि कामका सम्पर्क क्योंकर हो, दूसरे वेगमे उसे देखनेकी इच्छा हो जाती है, ३ दीर्घ निश्वास लेकर छोडता है, और कहता है कि हाय उसे देख भी न सका, ४ ज्वर हो आता है, ताप मान वढ जाता है, ५ विना ही आगके शरीर जलने लगता है, ६ भोजन नही रुचता, ७ महा मूर्च्छा हो जाती है, कुछ भी चेत नहीं रह पाता । ८ उन्मत्त यानी पागल सा वन जाता है, आय बाय वकने लगता है, ९ प्राणों का रखना दूभर हो जाता है तथा उसे यह सदेह हो जाता है कि मैं अव जीवित नहीं रहूंगा । और दशवा वेग ऐसा आता है कि जिससे

वह मर भी जाता है, इनमें व्याप्त होकर यह जीव यथार्थ तत्व अर्थात् वस्तु स्वरूप को नहीं देखता। जब लोकव्यवहार ही का ज्ञान विदा हो जाता है तब परमार्थका ज्ञान क्यों कर हो सकता है। क्योंकि सब बातोंमें वह बिल्लकुल अस्थिर बन जाता है।

"जिसको कामरूपी काटा चुभता है वह प्राणी बैठने, सोने, चलने, फिरने, भोजन करनेमें तथा स्वजन पुरुषोंमें क्षण भर भी स्थिरताको प्राप्त नहीं होता। अर्थात् सब अवस्थाओंमें डिगमिगाया रहता है।" "कामसे ठगा जाकर मनुष्य चतुर होकर भी मूर्ख बन जाता है, क्षमाशील-क्रोधी हो जाता है, शूर वीर कायर बन जाता है, बडप्पनसे गिर कर छोटा रह जाता है, उद्यमी पुरुष आलसी बन जाता है। और जितेन्द्रिय भ्रष्ट हो जाता है।" अतः मूर्खता न करके मनुष्यको मनुष्य जन्म सार्थक बनानेके लिए ब्रह्मचर्य्य पालन करना चाहिए। क्योंकि तपोंमें उत्तम ब्रह्मचर्य ही तप है।"

कदाचारका परिणाम-बैलके नपुंसक बनानेकी क्रिया देखकर, लंपटका राजा द्वारा इन्द्रिय छेदन देख कर, सुधीको कुशील त्याग कर स्वदार सन्तोष व्रत लेकर परदारका त्याग कर देना योग्य है।" "मैथुनका सेवन किंपाकफलकी तरह आरंभमें अच्छा लगता है परन्तु परिणाममें दारुण कष्ट होता है।" "शरीरमें कम्प, पसीना, थकान या शिथिलता, चक्कर आना, घृणा होना, पौरुषेयका क्षय, तपदिक क्षय-आदि रोग मैथुन सेवनसे होजाते हैं।" "योनि-यन्त्रमें असख्य जीवराशीकी उत्पत्ति हो जाती है, और मैथुन करते समय वे जीवित नहीं रह सकते।"

वात्स्यायनका मत है कि-"रक्तमें कीडे हो जाते हैं, वे जीव सूक्ष्म होते हैं, और सम्पर्कके समय मर जाते हैं।"

मैथुन सेवनसे काम ज्वर घट नहीं सकता-"अग्निमें घी डाल-कर अग्निको बुझानेकी इच्छाकी चेष्टाकी तरह स्त्रीसंभोगसे काम ज्वर कभी शान्त नहीं हो सकता। अतः स्त्रिए भी पर पुरुषको सर्पके समान समझकर उन्हें त्याग दें।" क्योंकि-

"ऐश्वर्यमें चाहे इन्द्रके समान हो और सुन्दरतामें कामदेवका अवतार हो तब भी सदाचारियोंकी दृष्टिमें सीताने रावण था जिस प्रकार त्याग किया इसी प्रकार पर पुरुष त्याज्य हैं।"

ब्रह्मचर्यसे ही पुजता है–ब्रह्मचर्य सच्चरित्रका प्राण है, परब्रह्मके पानेमे निमित्तरूप है, जो ब्रह्मचर्यका समाचरण करते हैं, वे पूज्य पुरुषोद्वारा पूजित होते हैं।

ब्रह्मचर्यका फल–वडी आयु, सुडौल शरीर, शरीरकी दृढतर रचना, शरीर पर विलक्षण तेज, महान् शक्ति, यशः कीर्ति, ससारमे मान मर्यादा, प्रतिष्ठापात्रता, ये सब ब्रह्मचर्यसे प्राप्त होते हैं।

इसी प्रकार सब लोकोकी उत्तम रूप सम्पदा पाकर तथा सर्वातिशायी क्षायिक ज्ञान दर्शन शीलशाली पुरुषोमे 'ज्ञात वंश' मे जन्म प्राप्त, अन्तिम जिनेंद्र श्रमणमहात्माओंमे प्रधानतम थे।

महावीरके नाम–श्रमण भगवान् महावीर प्रभुके वर्धमान, विदेहदिन्न, ज्ञातपुत्र, काश्यप, वैशालिक, महावीर, सन्मति, श्रमण, भगवान् इत्यादि अनेक नाम थे। ये सब नाम उनकी अमुक अवस्थाके सूचक हैं। क्योंकि भगवान् महावीर स्वामीका जीवन सासारिक अवस्था और साधक अवस्थामे विभक्त है। वर्धमान, विदेहदिन्न (महावीर प्रभुकी माताका नाम 'विदेहदिन्ना' भी था "तिसला ति वा, विदेहदिन्ना ति वा, पियकारिणी ति वा—(आचाराग २–१५ १३)। त्रिशला माता विदेहमे जन्मी थीं जिससे उनका नाम विदेहदिन्ना था। अत माताके इसी नाम पर महावीर प्रभुका मातृपक्षका नाम भी विदेहदिन्न पड गया था, ज्ञातपुत्र, काश्यप और वैशालिक ये ३ नाम उनकी सासारिक अवस्थाको वता रहे हैं। महावीर, सन्मति, और श्रमणभगवान् ये तीन नाम उन्होने साधक अवस्थामे अपने आत्मवीर्यादि गुणोसे प्राप्त किए हैं, 'वर्धमान' पिताके पक्षका नाम था, और विदेहदिन्न मातृपक्षका नाम था। ज्ञातपुत्र यह 'वंश' सम्वन्धी नाम था, काश्यप 'गोत्र' का नाम था, और 'वैशालिक' जन्मस्थानके सम्वन्धका 'अर्थसूचक' नाम है, तव महावीर नाम उनके आत्म वीर्यका, सन्मति उनके आत्म ज्ञानका और 'श्रमणभगवान्' नाम श्रमण सस्कृतिके तात्कालीन अग्रसर रूपक 'अर्थसूचक' नाम है ॥ २३ ॥

ज्ञातपुत्र–उपर्युक्त सव नामोमे भगवान् महावीरके 'ज्ञातपुत्र' नामके विषयमे हमको विचार करना है, यह 'ज्ञातपुत्र' नाम उनके वंशका सूचक है, यह वात जैनागम और वौद्धागममे ठौर २ कही गई है।

भगवान् महावीर का 'श्री आचारांग' और 'कल्पसूत्र' आदि सूत्रोंमें उनके जीवन चरितके अनुसार उनका जन्म क्षत्रियकुण्ड ग्राममें 'ज्ञातवंशीय' और 'काश्यपगोत्रीय' सिद्धार्थ क्षत्रिय राजाके घर त्रिशला क्षत्रियाणीकी कुक्षिसे हुआ था।

यह ज्ञातृवंश उस समयके प्रसिद्ध इक्ष्वाकु, आदि क्षत्रियोंके विशाल कुलोंकी तरह प्रसिद्ध 'वंश' समझा जाता था। इस ज्ञातृवंशके क्षत्रिय प्रायः 'ज्ञातृक' के नामसे पहचाने जाते थे। और उनके इस 'ज्ञातृ' कुलके सम्बन्ध से उनके नगरों के बाहर बनाए हुए खड-उद्यानों के नाम भी 'ज्ञातृखड' के नामसे प्रसिद्ध थे। भगवान् महावीर प्रभुने 'कुण्डग्राम' के समीपवर्ती 'ज्ञातृखड' नामक बागमें दीक्षा ली थी। शास्त्र वचन तो इसकी खूब ही पुष्टि करता है।

जिनागममें 'ज्ञातृपुत्र' का प्रतिशब्द 'नायपुत्त' या 'नातपुत्त' के रूपमें और बुद्धागममें 'नाथपुत्त' या 'नाटपुत्त' के रूपमें जिस शब्दप्रयोगका उल्लेख देखनेमें आता है, वह भगवान् महावीर के 'ज्ञातृवंश' का ही अर्थसूचक नाम है, इसे मान लेनेमें हमको ऊपरोक्त कारण मिलते हैं, **'नायपुत्त'** या **'नात-पुत्त'** ये दोनों नाम संस्कृत में **'ज्ञातृपुत्र'** शब्दके ही प्राकृत रूप हैं, और **'नाथपुत्त'** या **'नाटपुत्त'** ये दोनों नाम भी इसी शब्दके 'पाली' रूप हैं। प्राकृत में **'त'** को **'य'** और पाली में **'त'** को **'थ'** और **'थ'** को **'ट'** भी साधारणतया हो जाता है। दिगम्बर सूत्रोंमें **'ज्ञातृपुत्र'** का **'नाथपुत्त'** इस शब्दको व्यवहृत होता देखा जाता है। इस प्रकार भाषा और भावकी दृष्टिसे देखते हुए भी ये सब अलग २ नाम मूल **'ज्ञातृपुत्र'** शब्दसे मिल जाते हैं। ये सब नाम **'ज्ञातृपुत्र'** शब्दसे बनाए गए हैं। इसमें शंका करने के लिए जरासा भी स्थान नहीं है। प्राचीन कालमें वंशके नामसे परिचय करानेकी प्रथा होनेसे भगवान् महावीर प्रभुके जीवनविषयक परिचय श्रीजि-नागमोंमें और बौद्धागमोंमें **'नातपुत्त'** या **'नाथपुत्त'** शब्दसे और भगवान् महावीरके शिष्योंका परिचय **'नातपुत्तीय'** या **'नाथपुत्तीय'** शब्दसे विशेषत दिया गया है।

श्रीजिनागमके १२ अंगोंमें छठ्ठा अंग 'णायधम्मकहाओ' है, उसमें उपर्युक्त आया हुआ **'णाय'** शब्द भी भगवान् महावीरका वंशवाचक 'नाय-पुत्त' के साथ गहरा सम्बन्ध रखता है। प्राकृतमें **'न'** को **'ण'** हो जाना तो

एक साधारण नियम है। इस अंग का गुजराती अनुवाद भी '**भगवान् महावीरनी धर्मकथाओ**, यह करनेमे आया है, इस अगका परिचय श्रीसमवायागसूत्रमे किया गया है, उसमे वताया है कि–"इस अंगमे ज्ञाताओं के नगरोका, उद्यानोंका, मातापिता का, "इत्यादि परिचय दिया जायगा' यह लिखा है, टीकाकारने ज्ञाताओंका उदाहरणभूत अर्थ किया है, परन्तु "ज्ञाता" अर्थात् 'ज्ञातृवंशी' क्षत्रिय ही अर्थ पूर्वापर विचार करते हुए अधिक निश्चय होता है।

भगवान् महावीरका परिचय श्रीजिनागमोमे '**नायपुत्त**'-'**ज्ञातपुत्र**' के अतिरिक्त और नामोंसे भी दिया गया है, तथापि वहा पर '**नायपुत्त**' शब्द की ही विशेष प्रधानता रही है। बहुत से प्राचीनतम सूत्रोमे भगवान् महावीर प्रभुकी गुण गाथाका सृजन विशेषत '**नायपुत्त**' शब्दसे ही किया गया है—

यथा–

"न ते सन्निहिमिच्छन्ति, **नायपुत्तवओरया**" १८

"न सो परिग्गहो वुत्तो, **नायपुत्तेण** ताइणा
मुच्छा परिग्गहो वुत्तो इइ वुत्तं महेसिणो" २१

"एय च दोस दट्ठूणं, **नायपुत्तेण** भासियं
सव्वाहारं न भुंजंति, निग्गथा राइभोयणं" २६

"एय च दोसं दट्ठूणं **नायपुत्तेण** भासियं,
अणुमायं पि मेहावी, मायामोसं विवज्जए" ४९

"एवं से उदाहु अणुत्तरनाणी, अणुत्तरदंसी अणुत्तरनाणदंसणधरे, अरहा **नायपुत्ते** भगवं वेसालिए वियाहिए" १८

भावार्थ—"जो भगवान् 'ज्ञातपुत्र' के वचनो पर पूर्ण विश्वास रखते है वे किसी वस्तु का सग्रह करके नहीं रखते ॥ १८ ॥

प्राणीमात्रकी रक्षा करनेवाले 'ज्ञातपुत्र' महावीर प्रभुने वस्त्र पात्रको परिग्रह न बताकर मूर्च्छा यानी ममत्व भावको ही परिग्रह बताया है, यह महर्षिओंने कहा है, ॥ २१ ॥ (दशवै० अ० ६)

'ज्ञातपुत्र' महावीर प्रभुने कहा है कि मर्य्यादामे रहनेवाले साधु इस दोपको भलिभान्ति देखकर थोडासा भी कपट पूर्वक झूठ न बोले ॥ ४९ ॥

इस दोपको देखकर निर्ग्रन्थ रात्रि भोजन छोडदे, क्योंकि 'ज्ञातपुत्र' ने इसके दोप प्रत्यक्षमे वताए हैं ।

"इस प्रकार अनुत्तरज्ञानी अनुत्तरदर्शन युक्त अर्हन् प्रभु 'ज्ञातपुत्र' महावीर विशाला नगरमे इस प्रकार व्याख्यान करते थे ॥ १८ ॥"

इन प्रमाणोंके अतिरिक्त इस अध्यायमें तो २-१४-२१-२३-२४ की गाथाओंमे प्रभुकी स्तुति 'ज्ञातपुत्र' शब्दका ही सकेत रखकर की गई है। इस तरह श्रीजिनागमके प्रमाणभूत ग्रन्थोंमे **'नायपुत्त'** या **'नातपुत्त'** को भगवान् महावीरके वशवाची नामका उपयोग अनेक स्थलों पर पुष्कल रूपमे किया है, इन सव शब्दप्रयोगोंके उद्धरण करने की यहा जरासी आवश्यकता भी प्रतीत नहीं होती । मात्र **हेमाचार्य** ने परिशिष्टपर्व्वमे जो 'ज्ञातनन्दन' भगवान् महावीरको वंदन किया है उसीका यहा उद्धरण देकर अगाडी वढ चलेंगे ।

उन्होंने मंगलाचरणमें कहा है कि—"जो कल्याण वृक्षोंका वगीचा है, श्रुतिरूप गगाका हिमालय है, विश्वकमलके लिए सूर्यकी भाति है उस ज्ञातनन्दन महावीरको मै नमस्कार करता हू ।"

बौद्धपिटकोंमे भगवान् महावीर का अपना उनके शिष्योंको और उनके सिद्धान्तोंका परिचय उनके वशवाची **'नाथपुत्त'** या **'नाटपुत्त'** के शब्द-व्यवहारसे ही दियागया है। उनके श्रमण निर्ग्रन्थोंके लिए **'नाथपुत्तीय'** शब्द का उपयोग किया गया है। इस नामके अतिरिक्त भगवान् महावीरके जीवन सम्बन्धी परिचयके लिए अन्य किसी शब्दका प्रयोग किया हो यह देखने मे नहीं आया, सिर्फ **'नाथपुत्त'** के साथ 'निगण्ठ' शब्द का प्रयोग हुआ है। मगर यह शब्दतो उनकी साधु अवस्थाका सूचक है। और वह **'नाथपुत्त'** शब्दका विशेष्य न हो कर एक विशेषण है।

इससे प्राचीन कालमें 'वंशवाचक' नामसे परिचय देनेकी प्रथा स्पष्ट जानी जा सकती है। महात्मा बुद्ध भी उनके मूल नाम "सिद्धार्थ" की अपेक्षा उनके 'गोत्रसूचक' नाम "गौतम" के नाम से और 'वंशसूचक' "शाक्यपुत्र" के नामसे अधिक प्रसिद्ध थे।

भगवान् महावीरका वंश 'ज्ञातृवश' था और इस ज्ञातृवंशसे उनका 'वंशसूचक' नाम **'नायपुत्त'** प्रसिद्ध हो गया, जिसे हम ऊपर देख गए हैं। मगर इस वंशका अगाडी चलकर कितना विस्तार और कितना विनाश हुआ इसका इतिहास प्राय· लुप्त है। इस लुप्तप्राय इतिहास का शोध करना 'अत्या-वश्यक' है। इस इतिहास को तलाश करने के लिए हमारे पास बौद्ध साहित्य एक अनन्य साधन है।

भगवान् 'महावीर' और 'महात्मा बुद्ध' ये दोनों एक समयके समकालीन धर्मक्रान्तिकारी महापुरुष होगए हैं। तदुपरान्त वे दोनो एक ही देशके निकटस्थ प्रान्तके निवासी राजवंशी पुरुष थे इन कारणोंको लेकर महात्मा बुद्धको एक प्रान्तसे दूसरे प्रान्तमें विहार करते हुए भगवान् महावीरकी जन्म भूमिमें जानेका और वहा भगवान् महावीरके वश-सम्बन्धी लोगोंके साथ वार्तालाप करनेका प्रसग प्राप्त होना यह एक स्वाभाविक बात है।

'बुद्धपिटक' के 'महावग्ग' नामक सूत्रमें म० बुद्ध भगवान् महावीरकी जन्मभूमि कुण्डग्राममें और उसके पासमें 'ज्ञातृको' के ग्रामोंमें एवं वैशालि नगर जानेका और वहा 'निर्ग्रन्थ श्रावक' 'सिह' सेनापतिके साथ बातचीत करनेका उल्लेख मिलता है। इस उल्लेखके आधार पर भगवान् महा-वीर का 'ज्ञातृवश' और उनकी जन्मभूमिके विषयमें हमको बहुत कुछ परि-चय मिलेगा। इसी धारणासे ये उल्लेख उतारने उचित प्रतीत हुए।

*अथ भगवान् जहा **कोटिग्राम** था वहा गए, वहा भगवान् कोटि-ग्राम मे विहार करते थे,

---

* देखो, विनयपिटक महावग्ग पृ० २४१-'कोटिग्राम,'

अम्बापाली गणिकाने सुना कि भगवान् **कोटिग्राम**मे आगए। अम्बापाली गणिका सुन्दर-सुन्दर (भद्र) यानोंको जुडवा कर, सुन्दर यान पर चढ कर, सुन्दरयानों के साथ वैशालिसे निकली। और जहा वह **कोटिग्राम** था वहा चली

तब वह 'लिच्छवी' जहां **कोटिग्राम** था वहा गए।

"एक समय भगवान् बुद्ध नादिक (ज्ञातिका) के गिञ्जिकावसथमे विहार करते थे"

{ मज्झिमनिकाय पृष्ठ १२७
चुल्ल-गोसिंग-सुत्तन्त
वैशाली }

कोटिग्राममे इच्छानुसार विहार कर जहा पर **वैशाली** का महावन है वहा गए, वहा भगवान् बुद्ध वैशाली महावन की **कूटागार** शाला मे विहार करते थे।

उस समय बहुतसे प्रतिष्ठित 'लिच्छवि' सस्थागार-(प्रजातन्त्रसभागृह) मे बैठे थे। वे सब मिलकर बुद्ध का गुण बखानते थे। धर्म का, सघ का, गुण बखानते थे, उस समय निगंठों का श्रावक (जैनों का श्रावक) सिंह सेनापति उस सभामे बैठा था।..................................
......तब सिंह सेनापति जहा **'निग्गंठ नाथपुत्त'** थे वहा गया, जाकर **'निग्गंठ नाथपुत्त'** से बोला कि भंते मे...................... ....

सिंह? तुम्हारा घर दीर्घकाल से **निगठों** के लिए प्याऊ की तरह रहा है।........ ....
.... उस समय बहुतसे

निगंठ (जैन साधु) वैशाली मे एक ....
.... चिरकालसे यह आयुष्मान् (निगठ) बुद्ध ....हैं।

'विनय पिटक' 'महावग्ग' तथा 'मज्झिम निकाय' मे आए हुए इन उल्लेखोंसे साफ २ मालूम हो जाता है कि 'महात्मा बुद्ध' 'महावीरस्वामी'

की जन्मभूमि 'कुण्डग्राम'–पाली भाषामें 'कोटिग्राम' मे गए थे । और कुण्ड-ग्रामके पासकी बसनेवाली वैशाली नगरीमेंसे वहा महात्मा–बुद्धको अम्बा-पाली नामक वेश्या और लिच्छवीक्षत्रिय मिलने आए थे । कोटिग्राम से म० बुद्ध जहा **'ञातिका'** 'ज्ञातृक' रहते थे वहा गए थे। और वहा **'ञातिका'** ज्ञातृकोंके 'गिंजिकावसथ'–ईंटोके घरमे ठहरे थे । इस स्थानके पास ही एक अम्बापालीवन नामक उद्यान भी रहा है जिसे अम्बापालीने बुद्ध और उनके संघको समर्पण कर दिया था । वहा से म० बुद्ध वैशाली गए और वहा सिंह नामक सेनापति जो कि निर्ग्रन्थोंका श्रावक था, उसे अपना अनुयायी बनाया, सिंह सेनापति महात्मा बुद्धको मिलने जाने से पहले **निर्ग्रन्थ** ज्ञातृपुत्र महा-वीर प्रभुके पास अनुज्ञा लेने आया था। तब भगवान् महावीरने सिंह सेनापति को "तू क्रियावादी हो कर अक्रियावादी श्रमण गौतमके पास उसे मिलने क्यो जाता है ? यह कह कर न जानेकी सम्मति दी थी" । परन्तु वह अपनी इच्छानुसार श्रमण गौतमके पास गया और वह वही श्रमण गौतम बुद्धका अनुयायी होगया ।

उपरोक्त उल्लेखसे हमारे विषयको पुष्ट करने वाली चार बाते जानने को विशेष तया मिलती हैं ।

(१) बौद्धोंका कोटिग्राम* ही जैनोका कुंड ग्राम मालूम होता है, इन दोनो नामोमे शाब्दिक सादृश्यके अतिरिक्त उस ग्राम के पास 'ज्ञातृक'–ज्ञातृ वंशके क्षत्रियोंका निवास स्थान और वैशाली नगरीकी निकटता होनेके कारण ये दोनो वस्तुए 'कुण्डग्राम' और वही 'कोटिग्राम' होनेकी मान्यता पुष्ट हो जाती है ।

(२) कोटिग्रामके पास ज्ञातृकोंका निवासस्थान, भगवान् महावीरका वंश 'ज्ञातृवंश' था यह और भी पुष्ट कर देता है, और साथ २ कुण्डग्रामके, आस पास 'ज्ञातृक'–'ज्ञातृवंश' के क्षत्रियोंके खंड–'उद्यान' थे, और वहा

---

* बौद्धग्रन्थोंमें कुंडग्रामका नाम कोटिगाम और भ० म० को ज्ञाति-पुत्रके स्थान पर नातिपुत्र लिखा है । देखो "भारतका प्राचीनराजवंश" पृष्ठ ५० डे० विश्वेश्वरनाथ राय ॥

'ज्ञातृवंशी' क्षत्रिय रहते थे। यह इस विचारको और भी दृढ कर देता है। यह "ज्ञातृक" का उल्लेख और ये 'ज्ञातृक' भ० महावीरकी जन्म जातिवाले 'ज्ञातृ' क्षत्रिय ही होंगे यह कल्पना की ओर निर्देश करता है।

(३) 'ज्ञातृ' जाति लिच्छविओंकी एक शाखा थी" इस बातकी पुष्टिके लिए भी 'वैशाली के लिच्छवी क्षत्रिय महात्मा बुद्धको मिलने आए थे' इस उल्लेखसे पता चल जाता है कि भगवान् महावीर की माता भी लिच्छवि वंशकी ही थीं और 'सिंह सेनापति' जोकि–भगवान् महावीर का श्रावक था वह भी लिच्छवि वंशका ही था। ये दोनो बातें ज्ञातृ जातिको लिच्छविओंकी शाखा का होना ही पुष्ट करती हैं।

(४) कुण्डग्रामके पास विदेहकी राजधानी वैशाली नगरी थी। इस नगरी का कुण्डग्राम एक शाखापुरके समान था। भ० महावीर प्रभुका "वैशालिक" नाम भी इस नगरके नाम से ही प्रसिद्ध था, विशाला नगरी मे सिंह सेनापति नामका जो निग्रन्थ श्रावक लिच्छवी रहता था वह भगवान् महावीर की सलाहको न मानकर महात्मा बुद्धके पास गया था। इससे भी महात्मा बुद्ध वैशाली नगरमें आया था तब भगवान् महावीर प्रभु भी उसी नगरमे थे, यह स्पष्ट जान पडता है।

ऊपरके उल्लेख में जो '**जातिका**' शब्द लिखा गया है, उस शब्दका मूल बहुतोंने '**नादिका**' भी निकाला है, और उसका अर्थ 'इस नामके जलाशयके तट पर बसा हुआ एक ग्राम' किया जाता है। मगर यह भ्रमपूर्ण है। इस प्रकार हर्मन जेकोबी[†] उसका मूल शब्द **जातिका** ही बताता है। और वह शब्द 'ज्ञातृवंश' के क्षत्रियों का वाचक है यह कह कर समर्थन करता है।

इस **जातिका** शब्द पर त्रिपिटकाचार्य श्रीयुत राहुलसंकृत्यायन ने इस पर विशेष प्रकाश डालाहै । उसने अपनी 'बुद्धचर्य्या' 'नामक हिन्दी पुस्तकमें 'नादिका' का मूल शब्द "नाटिका"-ज्ञातृका,, बताया है । और 'ज्ञातृका' शब्द ज्ञातृवंशके क्षत्रियोंका सूचक है यह सप्रमाण बताया है । वे अगाडी चलकर यह भी बताते हैं कि-ज्ञातृ जाति लिच्छवियोंकी शाखाथी । और वैशाली नगरीके आस पास ही रहने वालीथी । यह ज्ञातृ जाति आज भी वैशाली नगरी (जिला मुज़फ़्फ़रपुरके अन्तर्गत है, बसाडके पास) के आस पास जथरिया नामक जातिसे पहचाना जाता है, यह जथरिया शब्द भाषाकी दृष्टिसे भी 'ज्ञातृ' शब्दके साथ गहरा सबंध रखता है ।

जथरिया शब्द '**ज्ञातृ**' शब्दका अपभ्रंश शब्द प्रतीत होता है । '**ज्ञातृ**' शब्दमेंसे जथरिया शब्दका अवतरण किस प्रकार होगया इसके विषयमें राहुलजीने भाषाकी दृष्टिसे निम्न प्रमाणसे विचार कियाहै । ज्ञातृ=नाति, ज्ञातृ-ज्ञातर-जातर-जतरिया-जथरिया-जैथरियाके गॉवमे नादिका-ज्ञातृका-नत्तिका-लतिका-रत्तिका-रती जिसके नामसे वर्तमान रत्ती पर्गना (जि० मुजफ्फरपुर) है । बुद्धचर्य्या २९ पृ० ।

इस प्रकार 'जथरिया' शब्द '**ज्ञातृ**'का अपभ्रंशहै राहुलजी इस रत्ती पर्गनाका मूल नाम अपने उपरोक्त उल्लेखमें आए हुए '**नादिका**' शब्द से उत्पत्ति बताते हैं ।

' उस समय बडी भारी निग्गंठोंकी परिषद (जैन साधुओंकी जमात) के साथ निग्गंठ नाटपुत्त (महावीर) नालन्दामें ही निवास करते थे ।

---

(१) 'नाटपुत्त'-'ज्ञातृपुत्र'लिच्छवियोंकी एक शाखा थी । जो वैशाली के आस पास रहतीथी । ज्ञातृसे ही वर्तमान जथरिया शब्द बना है । महावीर और जथरिया दोनोंका गोत्र काश्यप है । आज भी जथरिया भूमिहार ब्राह्मण इस प्रदेशमें बहु सख्यामें हैं । उनका निवास रत्ती पर्गना भी ज्ञातृ-नती-लती-रतीसे बना है ।

१११ पृष्ठमें निगंठ पुत्तका भी उल्लेख किया है जो कि सं० नि० ४०।१।८ से उद्धृत किया गया है ।

इस प्रकार 'जथरिया' और उसका वर्तमान निवास '**रती**' ये दोनों शब्द 'ज्ञातृ' शब्दके साथ घनिष्ट सबन्ध रखते हैं और इस सबन्धसे '**जथरिया**' 'ज्ञातृक'-ज्ञातृवंशी ही हैं, और उनका प्राचीन निवास स्थान जोकि '**नादिका**' या '**नाटिका**' के नामसे पहचाना जाता था वही वर्तमान रती परगना है यह राहुलजीका दृढ मन्तव्य है। इनके इस दृढ और पुष्ट मन्तव्यमें दूसरी यह भी युक्ति है कि-इन '**जथरियोंका**' मूल गोत्र **काश्यप** है। वही काश्यपगोत्र भगवान् महावीर और उनके ज्ञातृवंशी क्षत्रियोंका भी था।

इन **जथरिया**-ज्ञातृवंशी क्षत्रियोंके विषयमें सूचना करते हुए श्री राहुलजी बताते हैं कि ये '**जथरिया**' लोक वर्तमान समयमें अपनेको ब्राह्मण बताते हैं। ये दान नहीं लेते। पंजाब प्रान्तमेंभी जमना नदीके किनारे बसने वाली एक जाती रहती है। वे भी दान नहीं लेते। उस देशमें उनको **तगा** कहते हैं। शायद यह त्यागीका अपभ्रष्ट होगया हो। हां तो इन 'जथरिया' जातिके लोकों को भूमिहार ब्राह्मण कहा जाता है। मगर और लोक इनको ब्राह्मण नहीं मानते। इससे स्पष्ट सिद्ध है कि-वास्तवमें ये लोक क्षत्रिय ही हैं। इसका दूसरा कारण यह भी है कि-ये 'जथरिया' नाम सिंहान्त वाले हैं। जो क्षत्रियोंके नामके साथ आजकल पीछेसे लगाया जाता है और इनके नामके पीछे ठाकुर शब्द भी जोडा जाता है। यह भी क्षत्रिय सूचक ही है। इस वंशमें आजकल भी बहुतसे जमीनदार और राजा भी हैं। दर्भंगा नरेश इसी जातिसे अलकृत सुने जाते हैं।

ज्ञातृ-वंश और उनके जीवनके सम्बन्धका बहुतसा अज्ञानान्धकार जो कि अपने आसपास फैल गया है वह अन्धकार दूर हो जायगा ॥

गुजराती अनुवाद—पोतानी तेमज अन्यनी पूर्ण उन्नति तथा भलाईने माटे जे परोपकार दृष्टिथी आपवामा आवे तेने 'दान' कहे छे, अथवा वस्तुपरथी पोतानो अधिकार छोडी दईने बीजा कोईने अधिकार आपवो ते पण 'दान' कहेवाय छे, परन्तु अहीं तो श्रद्धा अने प्रतीतिनी साथे भक्ति-भाव पूर्वक परिग्रह परनो ममत्व-भाव छोडीने कर्मोनी निर्जरा खातर अनुकम्पाथी तथा मन-वाणी-कायनी शुद्धि सहित फलनी इच्छा वगर दाता जे प्राशुक अने पवित्र वस्तु आपेछे तेने 'दान' कहे छे ।

ते दानना चार प्रकार—अन्नदान-औषधदान-अभयदान अने ज्ञान-दान, ए दानोंमा प्राणिओनो भय दूर करी तेने सर्वथा निर्भय करवा ते सर्वोत्तम दान मनाय छे । अने आ मानवदेहमा दश प्राण छे, तेथी 'प्राणी' कहेवाय छे, जीवित रहेवानी इच्छा अथवा जीवित रहेवानो तेनो स्वभाव होवाथी तेनुं नाम 'जीव' पण छे, अने ए दश प्राण द्रव्य प्राण छे, अने ज्ञान-दर्शन-सुख-शक्ति रूप अनन्त–चतुष्टय भाव प्राण छे, वास्तविक रीते त्रणे कालमा आ प्राणोथी सदा आ जीव जीवित छे, सर्व जीवो जीववानी इच्छा राखे छे, मरवुं कोई इच्छतो नथी, तेथी जीवित रहेवानी इच्छावाळाने अभय दान दईने तेनुं सर्वप्रकारे रक्षण करवु श्रेष्ठ छे । कोईने साचा दिलथी अभयदान पण आप्युं होत तो आ जीवनी मोक्ष थई जात, परन्तु आत्माने ज्ञानदान न मळवाथी पोताने जीववानुं स्वार्थ राख्युं, बीजा जीवोने पण जीववु प्रिय छे ए भान भुलावी दीधुं । कोइए कह्यु पण छे के—

"जे रीते मने मारु जीवन प्रिय छे, तेमज अन्य जीवोने पण पोतानुं जीवन प्रिय छे, स्वर्गमा रहेनार इन्द्र तेमज विष्टानो कीडो, महलमा वसनार भूपति तेमज झुपडीमा रहनार गरीब कठीआरो, ए दरेक जीववु इच्छे छे, तेम समजीने कोई पण प्राणीना मन नामा प्राणने पण निरर्थक कष्ट न देवुं जोइए"।

अहिंसा परम धर्म छे—अहिसा-परम धर्म छे, हिसा सर्व जग्याए निंदाय छे, ते पोताने पण वधारे अप्रिय छे, तो बीजाओने पण अवश्य अप्रिय छे, कारण के पोतानी तेमज परनी मनोदशामा कंइ अन्तर नथी, तेथी चतुर मनुष्योनी सदा आ भावना रहे छे के कोई पण प्रकारे जगत्ना जीवोनु कल्याण

करु । भलाई करुं, परोपकारमा हुं पोते लाग्यो वळग्यो रहुं ने बीजाओने लगाडवानो प्रयत्न करुं । मारामा लेशमात्र पण दोष न रहेवा दऊं ने बीजाओने निर्दोष बनाववानो पण सतत प्रयत्न करुं । आत्माना अनन्त सुखथी सुखी बनी बीजाओने सुखना स्थान पर लई जाऊं ।

जो कोई प्राणी आ भावोथी विपरीत चालीने, लोभना दास बनीने, जीभनी लालच जाळमा फसीने, द्रव्योपार्जननी इच्छाथी, लडाईमा विजय मेळववानी इच्छा थी, पोताना मनने ब्हेकाववाना हेतुए, निरपराध दीन-प्राणिओनी 'हिंसा' करे छे त्यारे तेनाथी उपार्जन करेला पापथी दूषित थईने, ते स्वार्थीने नरकमा अवश्य जवुं पडे छे, आ सिद्धान्त सर्व महापुरुषोने मान्य छे, बधाए तेने उच्चकोटिए पहोंचाडवानो प्रचार कर्यो छे, महर्षि 'पतंजलिए' तो तेने सर्वथी मोटु स्थान आप्यु छे, पाच यमोमा सौथी प्रथम 'यम' जीवरक्षा छे,

"क्रोध लोभ-मोहने लीधे हिंसा करवी, करावबी, अने अनुमोदवी तेने वितर्क कहे छे, अने ते पापनुं परिणाम तेमना मते अनन्त दुःख बताववाना आव्यु छे।"

कोई जगाए तो अहिंसानी प्रशंसा एटले सुधी करवामा आवी छे के प्राणिओनी साथे वेर भाव पण त्यागी देवो जोइए। त्यारेज साधक अहिंसा पाळी शके छे।

श्रीमद् उमास्वामीए—तत्त्वार्थसूत्रमा कह्युं छे के "जे कोई जीव प्रमाद अर्थात् कषाय वगेरेथी युक्त थईने मनो योग–वचन योग अने कायवोग द्वारा प्राणोनो 'अतिपात' या 'व्यपरोपण' करे छे तेने हिंसा कहवु कहे छे।

हिंसा करवी–आयु-प्राणोनो अतिपात त्याग अथवा वियोग करवो, प्राणोनो नाश करवो, जीवने कायथी अलग करवो, भवान्तर अथवा गत्यन्तरमा पहोंचाडी देवो, अमर प्राणोनु व्यपरोपण करवु, ए बधा शब्दो एकार्थवाची छे।

तदुपरान्त 'योगशास्त्र' ना व्यासकृत भाष्यमा अहिंसानी व्याख्या आ प्रमाणे करवामा आवी छे । के "सर्वदा सर्वप्रकारना जीवोनी साथे कदी पण द्रोह न करवो ते अहिंसा छे ।

याज्ञवल्क्य–स्मृतिमा कह्युं छे के मन, वचन, कायथी कोईने पण क्लेश न पहोचाडवो ते ज 'अहिसा' छे ।

अहिंसा-सत्य-आज्ञा विना पर वस्तु न लेवी, आत्माने पवित्र राखवो, इन्द्रियोनुं दमन करवुं, दया पाळवी, मनोविकारना प्रवाहने रोकवो, शान्तिमय जीवन जीववुं, ए बधाने धर्मसाधन बतावबामा आव्युं छे ।

यजुर्वेद–तेमां पण उपदेश आपवामा आव्यो छे. के–हे पुरुष ! तूं जगत्‌ना कोई पण प्राणीनी हिसा करीश नहि । "मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे" १८–३, पोतानी आखोथी सर्वने मित्र दृष्टिए जोवा जोइए। शत्रु जेवी दृष्टि कोईना पर पण न करवी ।

मनुनो पांचमो अध्याय–"जे मनुष्य पोताना कल्याणनी तो इच्छा प्रगटकरे छे, परन्तु प्राण-भूत जीवोनी हिसा करे छे. ते जीव आ लोकमां, अने मरीने परलोकमा क्यारे पण सुख मेळवी शकशे नहि ।

दशधर्म–"धैर्य धारण करवु, शान्ति राखवी, आत्माने पापथी विरक्त बनाववो, चोरी न करवी, आन्तरिक पवित्रता राखवी, इन्द्रियोने वश करवी, सत्य बोलवु, क्रोध न करवो, अहिसानुं पालन करवुं, आरभ अने परिग्रहने मुकवा ए प्रकारे धर्मना दश लक्षण बतावेला छे ।"

महाभारत–"आ हुं सत्य कहुं छुं के सत्यवादिओनो धर्म अहिसा छे. अने ते प्रधान छे, अने हिंसा करवी, ए अधर्म छे, पाप छे ।

अहिंसावचनामृत–अहिंसा परम धर्म छे, अहिसा उत्कृष्ट दमन छे, अहिंसा उत्कृष्ट दान छे, अहिंसा प्रधान तप छे, अहिंसा परम यज्ञ छे, अहिसा परम फळ छे, अहिसा परम मित्र छे, अहिसा उत्कृष्ट सुख छे अहिसा एज उत्तम जीवन छे ।

"सर्व प्रकारना यज्ञोमा अनेक प्रकारनुं दान करवुं, सर्व तीर्थमा अनेक स्तुतिओ गावी, सर्व दानोनुं फल अहिंसा करता सारुं नथी, एटलेके ते कर्म अहिसानी साथे बराबरी करी शकतुं नथी ।"

नियमसार-कुलस्थान, योनिस्थान, जीवसमासस्थान, मार्गणास्थान, इत्यादि भेदोने सारी रीते जाणीने जीवरक्षा करवाना भावने 'अहिंसा' कहे छे, जीवोनुं मृत्यु थाय छे के नहि, ए प्रकारना विचारमा लागेला परिणाम वगर पाप-हिंसारूप क्रियानो त्याग थवो कठिन छे, तेथी ते रक्षाना प्रयत्नमा लागवु, ते 'अहिंसा' छे।

समन्तभद्राचार्यजीनुं कथन छे के-जगतना आ सर्वे जाणे छे के 'अहिंसा परब्रह्म स्वरूप छे, अर्थात् आत्मानी पूर्ण वीतरागताज 'अहिंसा' छे। ज्या वीतरागता छे त्या आत्मानुं शुद्ध-स्वरूप छे, जे आश्रमना चरित्रमा अणुमात्र पण आरभ नथी, त्या आ 'अहिंसा' प्राप्त थाय छे। आशय ए छे के आदर्श पुरुषोनुं सुन्दर तेमज सच्चरित्र रूप आचरण 'अहिंसा' छे। तेथी अहिं-सानी सिद्धिने माटेज परम दयालु प्रभुए आरम्भ परिग्रहनो त्याग कर्यो छे। प्रभु विचारशील वेश तेमज परिग्रहमा अनुरक्त नथी। कारणके ज्या परिग्रहनी आसक्ति नथी त्याज ऊचा प्रकारनी अहिंसा-धर्म छे 'जैन धर्मनी जय' ते माटे बोलवामा आवे छे के तेमा पूर्ण अहिंसानु पालन करवामा आवे छे, ते त्रस जीवोनी घात करवावाळा विचारोने जडमूलथी नाश करवानु कारण छे। तेमज पञ्चस्थावररूप एकेन्द्रिय जीवोनी घातथी पण तद्दन पर छे। अहिंसा त्रणे लोकना जीव समूहने सुख देनारी छे। तथा सुन्दर अने अक्षय सुखथी भरपूर समुद्र समान अगाध छे।

माराथी प्रतिकूळ सारुं नथी लागतुं त्यारे बीजाओने तेमने प्रतिकूळ क्याथी सारुं लागे ?

"बधाने पोतानो प्राण प्रिय छे राज्य नहि"–पोताना प्राण बचाववानी खातर इष्ट मित्र अने राज्यने पण तृणनी समान छोडी दे छे, तेथीज कोईना प्राणनो नाश करवाथी जे पाप थाय छे ते समस्त पृथ्वीनुं दान करवा छता दूर थई शकातुं नथी ।

मरनारने भले राज्य आपो के सुवर्णना पहाड अर्पण करो परन्तु जीवतरनी पासे ते वस्तुओनो कइ हिसाब नथी । तेथी ते सर्वने छोडीने जीवता रहेवानी अपील करे छे ।

"जरा काटो पगमा लागे छे तो ते आखा शरीरमा भारे पीडा करे छे तो जे निरपराध जीवोने मोतने आरे पहोंचाडी दे छे, ते मरनारना दु खोनी वेदना अनिर्वचनीय छे ।"

"अशरण, निरपराध, दुर्बलप्राणी बलवानना हाथे मराय छे, ते क्यानी नीति ? हाय ! कष्टनी साथे अमारे कहेवु पडे छे के जगत्मा अराजकता व्यापी गई छे, त्या न्यायने स्थान क्याथी मळे, जो कोई कोईने सभळावे छे 'तु मरी जा' एम साभळनार पण आ साभळता ज कंपी उठे छे, शरीर भयभीत अने दु खी थई जाय छे । तो जे बीजाने कठोरता पूर्वक शस्त्रथी मारे छे त्यारे तेनी शी दशा थती हशे ? तेना दु खना अनुभव वगर तेनु वर्णन कोण करी शके ?"

"हाथनुं कपावुं सारुं छे, पग वगरना रहेवामां पण कंइ खरावी नथी, पण शरीरना सम्पूर्ण अगोने प्राप्त करवा छता 'हिसकपुरुप' कोई कामनो नथी ।"

स्वार्थ साधवानी हिंसा पण हानिकारक छे–"विघ्ननी शान्तिने माटे करेली हिंसा पण विघ्नने माटेज थाय छे । घणाओ एम कही दे छे के–अमारा कुलनो आ रिवाज चाल्यो आवे छे । परन्तु ते कुलनु जराय भलुं करी शकतो नथी । ते कुलना नाश माटेज थाय छे शान्तिने माटे नहि । पोताना वंशमा परम्परागत चालती आवेली हिसाने जे प्राणी छोडी दे छे, अने शुद्ध अहिंसक बने छे, ते 'कालसूर कसाई' ना पुत्र 'सुलस' नी पेठे सर्व मनुष्योमा पवित्र अने श्रेष्ठ बने छे ।"

"जे इन्द्रियोने तो वशमा राखे छे, देव-गुरुनी सेवा पण करे छे, यथा शक्ति दान पण आपे छे, तत्त्व भणे भणावे छे, तप पण करे छे, पण धर्म बुद्धिए जरा पण हिंसा करी बेसे छे त्यारे तो तेनी उपरोक्त सर्व क्रियाओ निष्फल छे, तेथी साबित थयुं के धर्मना नामे करवामा आवेली हिंसा वज्रलेप समान भयंकर पापकारिणी छे।" "अने जे शास्त्रमा धर्मना नामे हिंसानो उपदेश करवामा आव्यो होय ते शास्त्र नथी पण शस्त्र समान छे।" "ए केवु आश्चर्य छे जे मनुष्य सुद्धाने मारवानो उपदेश देवावाळा, लोभान्ध बनी पथ भ्रष्ट बनवावाळा, हिंसा विधायकशास्त्र बनावीने तथा पाप करवानो उपदेश आपीने लोकोने मूर्ख बनावी रह्या छे, अन्धश्रद्धालु बनावीने मानो नरकना कुंडमा नाखी रह्या छे।"

अहिंसानुं माहात्म्य-"अहिंसा मातानी जेम सर्वनुं पालन करनारी अने हितकारिणी छे। अहिंसाज शत्रुओना मनमा अमृतनो सचार करावनारी छे। अहिंसा दुःख रूपी दावानलने बुझाववाना अमोल अने प्रधान वर्षा छे। संसार भ्रमण अर्थात् जन्म मरणना रोगथी पीडित जीवोने आरोग्यता अर्पनारी समर्थ औषधि छे।"

